हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



## खबर संक्षेप

### मौसम बदलते ही कोरोना का केस

**रायपुर।** मौसम में हुए बदलाव और लंबे ब्रेक के बाद बिलासपुर में कोरोना का केस सामने आया है। 66 वर्षीय मरीज जिसका इलाज वहां के निजी अस्पताल में चल रहा है उसकी रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। मरीज को सांस लेने में तकलीफ के बाद इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया था। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उसकी ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में जानकारी ले रही है। मरीज की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### मौसमी बीमारी की रोकथाम के निर्देश

**रायपुर।** मौसमी बीमारियों को रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की कमी ना हो इस बात की सतत निगरानी करने कहा गया है। इसके साथ ही सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखने कहा गया है। उन्होंने चेताया है कि किसी भी इलाके में मरीजों को इलाज के लिए तकलीफ ना उठानी पड़े इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद इलाके में शराब की तस्करी करने वाले आरोपी राजा साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास साढ़े तीन हजार रुपए की शराब मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि छतौना चौक पास एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे देशी शराब बरामद की गई है।

### 4 किलो पॉलीथिन जब्त 1200 जुर्माना वसूला

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन-5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में लाखेनगर चौक और रायपुरा चौक के पास दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 4 दुकानों से लगभग 4 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई और संबंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 1200 रुपए जुर्माना वसूला।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नयापारा महमरा जाने वाले मार्ग में शराब बेचा जा रहा था। इस दौरान दुर्ग कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 33 ढीमर पारा दुर्ग निवासी देवेन्द्र ढीमर बताया है। उसके पास से पुलिस ने 40 पौवा अवैध शराब जब्त किया गया है।जिसकी कीमत 4400 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में टीआई विजय यादव व उनकी टीम का योगदान रहा है।

### इस्पात नगरी के हृदयस्थल पर आकर्षित करेगी फ्लाइट आफ स्टील

**भिलाई।** इस्पात नगरी के हृदय स्थल सिविक सेंटर में प्रख्यात मूर्तिकार जतिन दास की आकर्षक कलाकृति फ्लाइट आफ स्टील लोगों के आकर्षण का केंद्र होगी। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जयंती स्टेडियम के समीप, मूर्तिकार पद्मभूषण जतीनदास द्वारा निर्मित फ्लाइट आफ स्टील कलाकृति की स्थापना की जा रही है। इसका कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इसके अवलोकन के लिए बुधवार को बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने जतीनदास के साथ 'फ्लाइट आफ कलाकृति स्थल का जायजा लिया। इस दौरान जतीनदास के निर्देशन में इसकी पूर्णता के लिए चर्चा की गई तथा आगे कार्यों के लिए दिशा निर्देश दिए गये। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जेवाय सपकाले, सौमिक डे, उप महाप्रबंधक आर गर्ग, सहायक महाप्रबंधक एसके झा, पीपी राय आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# सूजी के पैकेट में गलत जानकारी पर 25, आटा में अल्कोहोलिक एसिडिटी पर 13 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सूजी के पैकेट में गलत जानकारी देकर ग्राहकों को भ्रमित करने के मामले में निर्माता कंपनी पर 25 लाख और बिक्री करने वाले दुकानदार के खिलाफ 13 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। इसके अलावा आटा में निर्धारित मात्रा से अधिक अल्कोहोलिक एसिडिटी मिलने पर बनाने वाली कंपनी पर 13 लाख तथा दो दुकानदारों पर 25-25 हजार का जुर्माना किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दोनों मामलों में सालभर पहले कार्यवाही की थी। प्रकरण की विवेचना और जांच सैंपल की रिपोर्ट आने पर मामला गरियाबंद के एडीएम कोर्ट में पेश किया था, जिस पर मंगलवार को फैसला आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कौंदेकेरा के एक प्रोविजन स्टोर्स से शिकायत के आधार पर 10 जुलाई 2023 को कमल सूजी का पैकेट सैंपल के रूप में लिया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि पैकेट में सूजी से संबंधित जो जानकारी प्रदर्शित की गई है वह मिथ्यापरक है, उसमें लिखे और मौजूद तत्वों में अंतर है। प्रकरण की सुनवाई के बाद उपभोक्ताओं को गलत जानकारी देने के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को कमल सूजी के राजनांदगांव की निर्माता कंपनी पर 25 लाख और गांव के दुकानदार पर 15 हजार रुपए का जुर्माना किया है। इसके पहले 20 सितंबर 2023 को गरियाबंद और नवापारा की दुकान से शुभ सखी कंपनी के आटा के सैंपल को जांच के दायरे में लाया गया था। करीब तीन महीने बाद जब आटे की जांच रिपोर्ट आई, तो उसमें अल्कोहोलिक एसिडिटी 0.209 पाई गई, जो निर्धारित मानक से 0.02 अधिक थी। इसकी वजह से पेट खराब होने अथवा बदहजमी जैसी शिकायत होने की आशंका थी। इस मामले में दोनों दुकानदारों पर 25-25 हजार और सखी एग्री फूड प्रोडक्टस ग्राम बरौंडा तिल्दा पर 13 लाख रुपए का जुर्माना किया और दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने की चेतावनी भी दी।

## सालभर पहले की कार्यवाही में सुनवाई के बाद आया बड़ा फैसला

खास खबर

### दूध सैंपलों की रिपोर्ट का इंतजार

अभियान चलाकर विभिन्न जिलों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दूध और उससे बने प्रोडक्ट के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। इस दौरान राजधानी की एक दुकान से पचास किलो मलाई को नष्ट कराया गया था। इन मामलों में कार्यवाही के लिए सैंपल की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।



### नियम का पालन जरूरी

बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों का निर्माण करते वक्त तय मानकों का ध्यान रखना आवश्यक है। इसकी गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल किया जाए। तेल को बार-बार तलने से उपयोग नहीं करें। इसकी लगातार जांच की जा रही है।

- **सर्वेश यादव**, सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

## अनेक मुख्य मार्गों की सड़कों पर बने डिवाइडर टूटे-फूटे मिले

# टूट-फूट चुके डिवाइडरों का 5 साल से मेंटनेंस नहीं, दुर्घटना को भी दे रहे न्योता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देश के चुनिंदा 100 शहरों में राजधानी रायपुर को भी स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला हुआ है। इसके अनुरूप शहर को सौंदर्यीकरण करने के लिए कई विकास कार्य भी हुए हैं। इसके तहत सड़कों पर बने डिवाइडरों के दोनों तरफ रेलिंग लगाकर सौंदर्यीकरण भी किया गया है, लेकिन पिछले पांच साल से शहर के कई पुराने डिवाइडरों का मेंटनेंस ही नहीं किया गया है, जिसके कारण टूट-फूट चुके हैं। इससे शहर की सुंदरता खराब तो हो ही रही है, साथ इनके कारण दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। हरिभूमि की टीम ने बुधवार को शहर के कई इलाकों में डिवाइडरों की पड़ताल की। इस दौरान अनेक मुख्य मार्गों की सड़कों पर बने डिवाइडर टूटे-फूटे मिले तथा कुछ जगह पर क्षतिग्रस्त भी मिले। इन डिवाईडरों की यह हालत कई सालों से है, जिनकी मरम्मत तक नहीं की जा रही है।



**केस 1**

शहर के प्रमुख मार्ग पचपेढ़ी नाका से पुजारी पार्क तक बना डिवाइड जगह-जगह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग से हर रोज लाखों गाड़ियां गुजरती हैं। इसके कारण रोड के डिवाइडर को सुंदर बनाने के लिए दोनों तरफ रेलिंग लगाकर पौधे लगाए गए हैं, लेकिन पिछले कई साल से इस डिवाइडर को अधिकारी अनदेखा किए हुए हैं, जिसके कारण अब तक डिवाइडर की मरम्मत नहीं हो पाई है।

**केस 2**

पुलिस लाइन ग्राउंड से कालीबाड़ी चौक तक बना डिवाइडर भी जगह-जगह टूट-फूट गया है। इस डिवाइडर की भी पिछले कई साल से मरम्मत नहीं हो पाई है, जिसके कारण डिवाइडर की सुंदरता भी खत्म हो गई है। पुलिस लाइन ग्राउंड में हर साल 15 अगस्त व 26 जनवरी का समारोह आयोजित किया जाता है। इस समारोह में राज्यपाल से लेकर प्रशासनिक अधिकारी, स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक पहुंचते हैं, बावजूद डिवाइडर को न ही सुधारा जा रहा है और न ही इसका रंग-रोगन किया जा रहा है।

**केस 3**

पुजारी पार्क से टैगोर नगर होकर राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर भी डिवाईडर बने हुए हैं। ये डिवाइडर भी कई जगह से टूट-फूट गए हैं। पिछले कई साल से इन डिवाइडरों की मरम्मत नहीं की गई है। इस तरह शहर के अन्य कई प्रमुख मार्गों की सड़कों से लेकर कई कालोनियों में भी बने डिवाइडर भी मेंटनेंस के अभाव में बेरंग व टूट-फूट चुके हैं, जिससे शहर की सुंदरता खराब हो रही है।

# आधी रात तक खाली कराई मोतीबाग की पानी टंकी

## स्पलेंडर और नट-बोल्ट किया चेंज


समस्या : देर रात तक चलेगा सुधार कार्य, लाखों लीटर पानी बह गया
टंकी का वॉल्व हुआ खराब, मोतीबाग इलाके में घुटनों तक लबालब पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- सुबह 5 मीटर तक भरी गई टंकी, पपिंग कर सीधे जल आपूर्ति
- वाल्व बैठ जाने से प्रेस क्लब परिसर, तक्षशिला के सामने भर गया था पानी

नगर निगम जोन 4 कार्यालय से लगे मोतीबाग की पानी टंकी में जल आपूर्ति के दौरान वाल्व बैठ जाने के बाद ओवर हेड टैंक से पानी निकालने का काम आधी रात तक जारी रहा। दो इंजीनियरों की निगरानी में पानी टंकी को खाली कराने के बाद स्पलेंडर और नट बोल्ट को बदला गया। टंकी खाली कराने के दौरान लाखों लीटर पानी बह गया। इससे जोन कार्यालय परिसर से लेकर तक्षशिला भवन, प्रेस क्लब परिसर, मोतीबाग सहित आसपास के इलाके में घुटनों तक पानी भरा रहा। इससे लोगों को परेशानी हुई। बुधवार की सुबह 5 बजे मोतीबाग पानी टंकी को 5 मीटर तक भरने के बाद पंपिंग कर जल आपूर्ति की गई। मोतीबाग के पास नगर निगम की 51 लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी के वाल्व में आई खराबी दूर कर ली गई है। बुधवार की सुबह पानी टंकी को भरने के बाद प्रभावित इलाकों में जल आपूर्ति की गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि शाम के समय पहले की तरह नियमित जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मोहर्रम के त्योहार को देखते हुए विभाग ने पानी टंकी के वाल्व में आई खराबी को रातों-रात ठीक करने में तत्परता दिखाई।

# भारी गाड़ियों की एंट्री के विरोध में हस्ताक्षर अभियान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

संतोषी नगर क्षेत्र में भारी गाड़ियों की एंट्री के विरोध में बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमीत दास के नेतृत्व में कार्यकर्ता और स्थानीय रहवासियों ने संतोषीनगर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रशासन से संतोषीनगर क्षेत्र में भारी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। सुमीत दास ने बताया कि संतोषीनगर में भारी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक समस्या बनी रहती है, वहीं आए दिन सड़क दुर्घटना भी होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं में लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि अंडरब्रिज के पास भारी गाड़ियों के कारण हर रोज दिनभर में कई बार जाम की स्थिति भी बनती है, जिसके कारण दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया सहित अन्य छोटी गाड़ियों के चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# 22 हजार से ज्यादा छात्रों की सुनवाई पर टिकी निगाहें एमबीबीएस की 2110 सीटों पर होना है एडमिशन

## इस बार राज्य में पांच निजी और दस शासकीय मेडिकल कालेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नीट मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर छत्तीसगढ़ के 22 हजार से अधिक छात्रों की निगाहें टिकी हुई हैं। राज्य में एमबीबीएस की 2110 सीटों पर ऑल इंडिया और राज्य कोटे से एडमिशन होना है।

इस बार प्रदेश में पांच निजी और दस कालेज में एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। प्रवेश के लिए काउंसिलिंग के लिए तारीख दिल्ली से तय होने का इंतजार किया जा रहा है। एनएमसी द्वारा इस बार दो निजी मेडिकल कालेजों को मान्यता दी गई है, जिससे कुल दो सौ सीटों की वृद्धि हुई है, यानी इस बार दो सौ से ज्यादा छात्र डाक्टर की पढ़ाई कर सकेंगे। आमतौर पर जुलाई से यूजी सीट पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस बार नीट की परीक्षा को लेकर हुए विवाद के बाद मामला अटका हुआ है और एनएमसी अब तक प्रवेश के लिए पंजीयन की तारीख तय नहीं कर पाई है। राज्य में इस बार एमबीबीएस की 2210 सीटें हैं, जिसमें से 15 प्रतिशत ऑल इंडिया कोटे के माध्यम से भरी जाएंगी और 85 प्रतिशत सीटों पर राज्य के चिकित्सा छात्रों को प्रवेश का



मौका मिलेगा। इस बार छत्तीसगढ़ के 43 हजार 873 छात्र नीट की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 22 हजार 344 सफल हुए हैं। सुको की सुनवाई में काउंसिलिंग को लेकर फैसला होने के बाद एनएमसी द्वारा ऑल इंडिया और राज्य कोटे की सीटों पर एडमिशन के लिए शेड्यूल जारी किया जा सकता है, जिसके आधार पर यहां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### तैयारी कर चुके

वर्ष 2024-25 के लिए एमबीबीएस और डेंटल की सीटों पर एडमिशन के लिए तैयारी कर चुके हैं। जैसे ही दिल्ली से इसकी तारीख तय की जाती है, प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस बार दो नए कालेजों को अनुमति मिली है।

- **डॉ. यूएस पैकरा**, डीएमई

### आमतौर पर 30 सितंबर तक एडमिशन

*सूत्रों के अनुसार मेडिकल और डेंटल की यूजी सीट पर प्रवेश की प्रक्रिया आमतौर पर 30 सितंबर तक पूरी की जाती है। इसमें पंजीयन के बाद दो चरण की काउंसिलिंग और मॉपअप राउंड के माध्यम से शासकीय और निजी कालेजों की सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाता है। राज्य में एमबीबीएस की सभी सीटों पर एडमिशन अंत तक पूरा हो जाता है।*

### दस सरकारी कालेज

*राज्य में दस शासकीय कालेजों में एमबीबीएस की सीटें हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 230 सीटें हैं। इसके अलावा दुर्ग में 200, बिलासपुर में 180, जगदलपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, कांकेर, कोरबा तथा महासमुंद में 125-125 सीटें हैं। रायगढ़ के शासकीय मेडिकल कालेज में 100 तथा पांचों निजी मेडिकल कालेज में साढ़े छह सौ सीटों पर एडमिशन पूरा होगा।*

# प्रापर्टी डीलर के खिलाफ थाना में फर्जीवाड़ा की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने खमतराई थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई

खमतराई थाना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने एक प्रापर्टी डीलर के खिलाफ जमीन बिक्री करने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस पर प्रापर्टी डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मामले की लीपापोती करने का आरोप लगाया है। प्रापर्टी डीलर के फर्जीवाड़ा का शिकार पूर्णिमा-अनिल कुमार सोनी, भूपेंद्र सिंह, पिंटू राजभर, अमृत महतो, प्रयाग शितोले तथा अन्य के मुताबिक प्रापर्टी डीलर ने उन्हें दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचने का सौदा कर करोड़ों रुपए की ठगी की है। ठगी के शिकार लोगों के मुताबिक प्रापर्टी डीलर ने कई लोगों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन खरीदी करने इकरारनाम कर पैसे ऐंठ लिए हैं। ठगी के शिकार लोगों ने प्रापर्टी डीलर के खिलाफ खमतराई थाना में शिकायत दर्ज कराने के साथ ही एसएसपी के पास भी शिकायत की है। ठगी के शिकार लोगों के अनुसार जिस प्रापर्टी डीलर ने उनके साथ ठगी की है, वह पूर्व में बिरगांव नगर निगम में कार्य करता था।

### 18 ठेले जब्त

**रायपुर।** जोन-7 नगर निवेश विभाग व निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता ने शहर के जीई मार्ग पर एनआईटी के सामने 15 ठेलों और महोबा बाजार मुख्य मार्ग पर 3 ठेलों को सड़क मार्ग से अभियान चलाकर जब्त करने की कार्यवाही की। सड़क यातायात बाधित करने वाले ठेले-गुमटियों को हटाने निगम अमला जोनवार अभियान चला रहा है।

# टाउनशिप में गंदा पानी: ननि आयुक्त ने बीएसपी फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बारिश के मौसम में बीएसपी टाउनशिप में गंदा पानी सप्लाई होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कल टाउनशिप के पार्षदों की निगम आयुक्त से शिकायत के बाद बुधवार को आज अवकाश के बाद भी निगम आयुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ बीएसपी फिल्टर प्लांट मड़ौदा का निरीक्षण किया। फिल्टर प्लांट और बीएसपी घरों के नलों से पानी के सेंपल लेकर जांच के लिए भेज गए हैं। उन्होंने पीने के पानी को गुणवत्ता मानक के अनुरुप होने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सेक्टर के पार्षदों द्वारा शिकायत की गई थी। बीएसपी द्वारा सप्लाई किये जा रहे पीने का पानी निर्धारित मानक के अनुरूप घरों में सप्लाई नहीं हो रहा है। इस मामले में बुधवार को आयुक्त देवेश ध्रुव नगर निगम भिलाई के फिल्टर प्लांट के टीम को साथ लेकर के बीएसपी के फिल्टर प्लांट मरोदा में निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर सप्लाई की प्रणाली पानी साफ करने के लिए उपयोग किए जाने रसायन को चेक करवाया। पानी के सैंपल की जांच की गई। वहां के रजिस्टर एवं पानी साफ करने के लिए उपयोग की जाने वाली रसायन की मात्रा आदि का परीक्षण किया गया। पानी का सैंपल लिया गया। वहां फिल्टर प्लांट के अंदर पानी मानक के अनुरूप सही पाया गया। इसके बाद पूरी टीम सेक्टर 4 डिस्टीब्यूशन सेंटर पहुंची और पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। वहां पर सप्लाई किये जा रहे पानी का सैंपल लिया गया।



### डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर से लिया सेंपल

इस सेंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया, वास्तविक जानकारी रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगी। बीएसपी के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ऐसी संभावना बन रही है, कि पाइपलाइन में या जॉइंट के समय कहीं पर लीकेज हो जिसके कारण पानी मानक के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रहा है। इसके लिए जगह-जगह जाकर घरों में पानी का सैंपल लिया जा रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

14 जिला मानस संघ के अध्यक्ष चुने गए देवलाल



12 बारिश के मौसम में डेंगू का खतरा, इस बार फर्जी ...



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

अनदेखी : सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार ने गौठान को बनाया ठिकाना

# ठेकेदार की गाड़ी लाने-ले जाने के दौरान टूट गया गेट, डेढ़ साल में भी नहीं बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मनियारी गौठान का प्रवेश द्वार व गेट सड़क ठेकेदार की लापरवाही व मनमानी के कारण गाड़ी चढ़ाकर तोड़ दिया गया। अब गेट बनाने में ठेकेदार आनाकानी कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक बेरला के ग्राम परपोड़ा-मनियारी-सिंघौरी-सलधा तक पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण की जा रही है। वहीं, ग्राम मनियारी गौठान में यादव भवन पर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार व मजदूर रह कर काम कर रहे। इसके बावजूद जिस स्थान में रहना और वहीं के गौठान की प्रवेश द्वार व गेट को ठेकेदार की लापरवाही के चलते पिछले साल से तोड़ दिया गया। वहीं, प्रवेश द्वार को टूटे हुए लगभग दो साल हो गए, लेकिन इसे बनवाने की दिशा में ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा है। इसके कारण ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

गौठान का गेट टूटने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी





### बोलने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहा ठेकेदार : सरपंच

इस संबंध में ग्राम पंचायत मनियारी सरपंच श्यामू साहू व ग्रामीणों ने बताया कि सड़क ठेकेदार को गौठान के गेट व प्रवेश द्वार को बनाने के लिए बोला गया। लेकिन, उसके बाद भी ठेकेदार मनमानी कर रहा है और ध्यान नहीं दे रहा है। इससे ग्रामीण परेशानियों का सामना कर रहे हैं। साथ ही पशु मालिक भी परेशान हो रहे हैं।

### मवेशियों को गौठान में रोकना हो रहा है मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि खरीफ फसल की बोवाई व रोपा लगाने का कार्य अब भी प्रगति पर है। लगभग किसानों के खेतों में धान के पौधे उग गए हैं। इससे गांव में रोका-छेका होने के बाद अब मवेशियों व पालतू पशु गौठान में इकट्ठा होते हैं। वहीं, गौठान का प्रवेश द्वार टूट जाने के कारण मवेशी व पशु इधर-उधर निकल कर भाग जाते हैं। इससे किसान की फसल को मवेशी नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही चरवाहे के लिए भी बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

# शराब तस्करी का मुख्य सरगना साजिद शाह चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 5 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में बेरला पुलिस को मिली सफलता

शराब तस्करी के फरार मुख्य सरगना साजिद शाह को बेरला पुलिस एवं सायबर टीम ने बुधवार को अपनी गिरफ्त में ले लिया। बीते 13 फरवरी को थाना बेरला व सायबर बेमेतरा की संयुक्त टीम ने रात्रि अंतरराज्यीय शराब तस्करों को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की थी। उस दौरान आरोपियों के कब्जे से मध्यप्रदेश की 30 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब एवं होण्डा सीटी कार क्रमांक सीजी 07 एन 6600 जब्त कर आरोपियों के विरूध्द थाना बेरला में अपराध क्रमांक 46/2024 धारा 34(2),36 आबकारी एक्ट 279 भादवि के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। परंतु शराब तस्करी का सरगना साजिद शाह घटना दिनांक से फरार था। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी की बेरला पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस बीच बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि साजिद शाह अपने घर आया हुआ है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह को अवगत कराकर थाना बेरला से टीम रवाना हुई।

उसके बाद दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र स्थित आरोपी साजीद शाह पिता स्व. अब्दुल रहमान के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहां से आरोपी को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बेरला उनि मयंक मिश्रा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, प्रआर लोकेश गौसेवक, आर खुशाल बोरकर, शिव यादव, महेश जांगड़े, वीरेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

खबर संक्षेप

### सड़क किनारे के सूखे पेड़ों से हादसे की आशंका



**बेमेतरा।** कारेसरा-थान खम्हरिया सड़क पर महीनेभर से करीब आधा दर्जन सूखे पेड़ की शाखाएं दिखाई दे रहीं हैं। सड़क पर चलने वालों के लिए ये काफी हादसे का कारण बन सकते हैं। दरअसल महज 15 किलोमीटर की यह सड़क छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत एडीबी प्रोजेक्ट के दायरे में भारी भरकम लागत से तैयार की गई है। सड़क किनारे सूखे पेड़ और उनकी शाखाएं कभी भी हवा-तूफान व बारिश के कारण टूटकर नीचे गिर सकते हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना है। लोगों ने प्रशासन से उक्त पेड़ों की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

### ज्वेलर्स दुकान में सेंधमारी, ले उड़े चांदी के जेवर

**गुण्डरदेही।** नगर के धमतरी चौक के पास संचालित ऋषि ज्वेलर्स में बुधवार रात आज्ञात चोर लाखों के गहने चोरी कर फरार हो गए। चोरी की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक ने बताया कि कैमरे में तीन लोग दिख रहे हैं। गुरूवार की सुबह दुकान मालिक ऋषि सोनी ने बताया कि जब उसने सुबह 9 बजे दुकान खोली तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर दुकान के पीछे बने बाउंड्रीवाल को तोड़कर पीछे के दरवाजे से अंदर घुसे। चोर काउंटर के अंदर रखे दो किलो चांदी कीमत एक लाख 80 हजार की चोरी कर ले गए। दुकान मालिक के बताए अनुसार कैमरे में तीन लोग दिख रहे हैं, जो 3.28 बजे दुकान में घुसे। घटना की जानकारी दुकान मालिक ने गुंडरदेही पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन के मामले में 3 लाख 40 हजार की वसूली



**बेमेतरा।** जिले चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर रोक लगाने 01 से 15 जुलाई 2024 तक खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत परिवहन के 15 प्रकरण दर्ज कर 15 प्रकरण में अर्थदंड राशि 03 लाख 39 हज़ार 500 रुपए वसूल की गई है।

वहीं, अवैध उत्खनन के 2 प्रकरण दर्ज कर 01 प्रकरण में अर्थदंड राशि 35000 रुपए वसूल की गई है एवं शेष 01 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश के बाद खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी और कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों से निर्धारित अर्थदंड राशि वसूल की जा रही है। इसी प्रकार जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ विशेष मुहिम लगातार जारी रहेगी। अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम एवं शासन के अन्य प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अवैध उत्खनन करते हुए जो वाहन जब्त होंगे उन्हें विधिक प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई भी की जायेगी।



## खबर संक्षेप



### टीबी मरीज की सहायता के लिए किया गया सम्मान

**बालोद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की सहयोगी संस्था रिच द्वारा टीबी से पीड़ित के इलाज के लिए विशेष सहायता करने पर नगर पालिका बालोद के पार्षद तथा चेंबर ऑफ कामर्स जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने सम्मानित किया है।

### शिक्षक से प्रधानपाठक बने चौधरी ने कराया न्योता भोज



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार से पदोन्नत होकर प्राथमिक शाला सिब्दी(भरदाकला) में प्रधानपाठक बनने पर नूतन प्रकाश चौधरी ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिब्दी के बच्चों को न्योता भोज करवाया। बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी खिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सेन, सुरेन्द्र देवांगन, तोमीन गौतम, हेमेश्वरी देवांगन, इंद्रपाल देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, गायत्री देवांगन, कल्पना सार्वा, उपसरपंच सुनील साहू एवं सीएसी दुर्गेश ठाकुर उपस्थित रहे।

### घीना में भाजपा कार्यकर्ता कैलाश ने लगाए पौधे



**बालोद।** ग्राम घीना के भाजपा कार्यकर्ता कैलाश सिन्हा ने गांव के सहकारी समिति के प्रांगण में पीपल व वट के पौधे रोपकर अपने जन्म दिवस को पर्यावरण जागरण के रूप में मनाया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरण का संदेश दिया है। इस कार्य में सहयोग सेवा सहकारी समिति घीना के प्रबंधक बसंत ठाकुर, यतीन तारम, मकुंद साहू, डालसिंह यादव, खिलावन सिन्हा, रवि चोरिया, द्रोण कुमार निषाद, रूपसिंह रावटे ने उनका सहयोग किया।

### चना घोटाले की जांच कराए सरकार : गोपाल

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम उसरवारा निवासी गोपाल साहू आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे।



अपने क्षेत्र के युवा नेता गोपाल साहू को प्रदेश अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के युवाओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। विकासखण्ड का कोई भी नेता आज तक किसी राष्ट्रीय पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना है। पहली बार विकासखण्ड के युवा नेता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में जोश एवं उत्साह का वातावरण है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर चना घोटाला का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। प्रदेश में फ़ूड माफ़िया खुलेआम सरकारी ख़ज़ाने को लूट रहा है और सरकार बेख़बर बैठी हुई है। इसका एक ही मतलब है कि सरकार में बैठे लोग इस लूट में शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस पूरे मामले की जाँच कराने की माँग की।

### गड़ुवा समें श्रद्धा के साथ मनाया जुड़वास



**साजा।** थानखम्हरिया के पास स्थित ग्राम गड़ुवा के शीतला मंदिर में जुड़वास श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को पड़ने वाले आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष में देवी शीतला को प्रसन्न करने और रोग मुक्ति के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों में देवी शीतला मंदिरों में जुड़वास पर्व मनाया जाता है। इस दौरान देर रात तक माता भजन व जस सेवा गीत गाए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन ओमप्रकाश साहू ने किया। आयोजन में संयोजक बलेश्वर साहू, संरक्षक सुरज राजपूत, सोनू पटेल, कोमल ठाकुर, साहू, मुकेश साहू, राजू साहू, हेमशिंग पटेल, अर्जुन पटेल सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## कवायद : नगरीय निकाय के मणिकंचन केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिक बेमेतरा सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगरीय प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गुरुवार को नगरीय निकाय अंतर्गत वार्ड 13 सिंघोरी, वार्ड 21 कबीरकुटी के मणिकंचन केंद्र में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन को बताते हुए कहा कि ठोस अपशिष्ट को उचित तरीके से संग्रहित और निपटान करने के लिए कचरे के वर्गीकरण, पुनर्चक्रण, और सुरक्षित निपटान की प्रक्रियाओं का पालन करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे को अलग-अलग किया जाए और उचित तरीके से निपटाया जाए।

तरल अपशिष्ट के सही प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्रों की नियमित देखरेख और संचालन की सख्ती से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अपशिष्ट जल का उपचार सही तरीके से किया जाए ताकि वह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। कलेक्टर ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पालन करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों से डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा गीला एवं सूखा अलग करने की समझाइश दी गई, और नगर वासियों अपील करने को कहा की कचरे को अलग-अलग हरा नीला डब्बा कचरे को अलग कर दे, जिससे मणिकंचन केंद्र में करने वाले हमारे स्वच्छता दीदियों को कचरे को पृथक करने में कष्ट ना हो।

उन्होंने कर्मचारियों को उचित सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराने और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसाधारण को अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए अभियानों और कार्यशालाओं का आयोजन करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही आम जनता को जागरूक करने के साथ ही दुकानदार द्वारा गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना भी लगाने की बात कही। उन्होंने नागरिकों को कचरे के सही निपटान और पुनर्चक्रण के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के निर्देश दिए। इन सभी निर्देशों का उद्देश्य नगरीय निकाय के मणिकंचन केंद्र को एक उदाहरणीय अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाना था, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सुनिश्चित हो सके।



**योजनाओं की दी जानकारी**

कलेक्टर ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों और अवसरों के बारे में जागरूक किया। कलेक्टर की इस पहल से महिलाओं में उत्साह और विश्वास बढ़ा और उन्होंने अपनी समस्याओं और अनुभवों को खुलकर साझा किया।

### मणिकंचन केंद्र की महिलाओं से ली समस्याओं की जानकारी

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मणिकंचन केंद्र में कार्यरत महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने महिलाओं की कामकाजी परिस्थितियों, उनके अनुभव, और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनकी कठिनाइयों और समस्याओं को समझा और उन्हें आवश्यक सहायता और समर्थन देने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने कार्यस्थल की स्वच्छता, सुरक्षा, और सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महिलाओं से उनके वेतन, बोनस, और अन्य लाभों के बारे में पूछा और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें उचित भुगतान और लाभ मिल रहे हैं। कलेक्टर ने महिलाओं को उनके कार्य कौशल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए।

# शुरू हुआ साजा कृषि कालेज व अनुसंधान केंद्र का बंद हॉस्टल

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद कॉलेज प्रबंधन ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खबर का असर




साजा ब्लाक के ग्राम मोहगांव में संचालित पंडित देवी प्रसाद चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के रुकने-ठहरने एवं खाने पीने के लिए कॉलेज समीप बना हॉस्टल को अब खोल दिया गया है। दैनिक हरिभूमि अखबार के स्थानीय अंक में विगत 28 जून को विद्यार्थियों की इस मूलभूत समस्या को लेकर विस्तृत समाचार का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के दौरान कॉलेज प्रशासक द्वारा जल्द ही परिसर में बने सरकारी बॉयज व गर्ल्स हॉस्टल का संचालन शुरू करने की बात कही थी। इसी फलस्वरूप खबर का असर यह हुआ कि जिम्मेदार कॉलेज प्रबंधन द्वारा


कृषि कालेज का हॉस्टल हो रहा जर्ज...
छात्र छात्राओं को नहीं मिल रहे कम...

स्वतः संज्ञान लेते हुए फौरन छात्रावास को कॉलेज के अध्ययनरत छात्रों को आबंटित कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों समय के भोजन के लिए भी मैस सुविधा का बंदोबस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कॉलेज प्रशासन द्वारा त्वरित एक्शन लेने के कारण विद्यार्थियों की एक बड़ी समस्या का समाधान हो गया। दरअसल मोहगांव में कृषि कॉलेज के संचालन से ही छात्रों के रहने व खाने की समस्या निरन्तर बनी हुई थी,जिसके चक्कर मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं महंगे दामों पर किराये के घरों एवं निजी होटलों में खाने को मजबूर थे। किन्तु, अब पूरी सुविधा के साथ कॉलेज कैम्पस में ही रुकने व खान-पान का इंतज़ाम हो गया है। इससे विद्यार्थियों में काफी खुशी देखने को मिल रही है।

## कलेक्टर ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# पानी की गुणवत्ता परखने के लिए नियमित रूप से कराएं लैब टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। जिलाधीश ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर शहर वासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश देते हुए पानी को स्वच्छ बनाने वाले उपयोग होने सभी पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेकर सभी उपकरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जल शुद्धिकरण प्रक्रिया का जायजा लिया और प्लांट की कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया। इस निरीक्षण के दौरान, उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत की, समस्याओं की पहचान की और सुधार के सुझाव दिए। कलेक्टर ने शहर को स्वच्छ और सुरक्षित पानी की आपूर्ति करने हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि, पानी का फ़िल्टर व क्लोरीनेशन निर्धारित मानक अनुसार एवं पानी की गुणवत्ता नियंत्रण हेतु नियमित रूप से लेबोरेटरी टेस्ट सुनिश्चित किया जायें। इस अवसर पर जॉइंट कलेक्टर अंकिता गर्ग, सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय ने जल को शुद्ध करने की विधि को विस्तार से समझाया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कैसे काम करता है। उन्होंने जल शुद्धिकरण की विभिन्न चरणों जैसे कि गंदे पानी का संग्रहण, प्राथमिक शोधन, रासायनिक उपचार, फिल्ट्रेशन और अंतिम शुद्धिकरण की प्रक्रिया का वर्णन किया। उन्होंने यह भी बताया कि प्लांट में किस प्रकार की तकनीकों और उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहर को उच्च गुणवत्ता वाला पेयजल प्राप्त हो। सीएमओ ने प्लांट की क्षमता, रखरखाव और नियमित जांच की भी जानकारी दी।

### शुद्ध और सुरक्षित पानी प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता

कलेक्टर ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध और सुरक्षित पानी प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की निरंतर प्लांट का निरीक्षण और मॉनिटरिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें जिलेवासियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध हो। जिलाधीश ने अधिकारी को निरंतर मशीनों की जांच और जल सप्लाई की चेकिंग करने के निर्देश डीओए ताकि शहर को हमेशा शुद्ध और सुरक्षित पानी की आपूर्ति हो सके। इसके लिए सरकारी अधिकारी नियमित अंतराल पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और जल सप्लाई सिस्टम का मॉनिटरिंग करें। इस प्रक्रिया में तकनीकी प्रणाली, संयंत्रों की कार्यक्षमता, और उनकी निर्देशिका का भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिससे जल सप्लाई प्रक्रिया विघटनमुक्त हो रही है।

# 70 हजार से अधिक बच्चों को दी जाएगी आयरन सिरप व विटामिन ए की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में शिशु संरक्षण माह अर्धवार्षिक विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम की शुरूआत 19 जुलाई से की जाएगी। 23 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत जिले के 06 माह से 05 वर्ष के कुल 76140 बच्चों को आयरन सिरप तथा 09 माह से 05 वर्ष तक के कुल 72678 बच्चों को विटामिन ए सिरप की खुराक दी जाएगी। समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनबाडी केन्द्रों एवं टीकाकरण सत्र स्थल पर निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार नियमित टीकाकरण दिवस मंगलवार एवं शुक्रवार को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम), मितानिनों द्वारा दी जाएगी। अभियान के दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों का सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा, यह सेवायें अभियान के दौरान गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उन्हे पोषण पुनर्वास केन्द्र जिला चिकित्सालय बेमेतरा में पोषण आहार की प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु भर्ती किया जायेगा, इसके साथ ही गर्भवती माताओं की जांच एवं बच्चों का टीकाकरण नियमित रूप से किया जायेगा। शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा समस्त स्वास्थ्य सेवायें निःशुल्क प्रदाय की जाएगी।

### कलेक्टर ने की बच्चों को दवा सेवन कराने की अपील

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि शिशु संरक्षण माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रदाय विटामिन ए सिरप से बच्चों में रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है एवं नेत्र दृष्टि भी स्वास्थ्य रहता है। आयरन सिरप से बच्चों में एनीमिया से बचाव के साथ ही हिमोग्लोबीन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिलता है अतः इन दवाओं का सेवन निर्धारित लक्ष्य के बच्चों को अवश्य करावे साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय समस्त स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ लें।

# सरदा में निर्माणधीन कंपनी बंद करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में सरदा क्षेत्र के आसपास के सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। किसानों ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदा में निर्माणधीन मेसर्स राईजन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री को बंद कराने कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान किसान संघ के अध्यक्ष सुरीत साहू ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सरदा में प्रस्तावित उद्योग का कुल क्षेत्रफल 42.68 एकड़ है और सीसीएम बिलेट्स /इंगोट्स /हॉट बिलेट्स जिसकी दक्षता क्षमता 1,98,000 टन है। इस संयंत्र के अस्तित्व में आ जाने से ग्राम सरदा सहित आसपास के करीब 12 ग्राम पंचायत की करीब 10 से 15 हजार एकड़ कृषि भूमि प्रभावित होगी। इससे क़ृषि उत्पादन क्षमता समाप्त हो जाएगी। इसके कारण क्षेत्र के 20 से 25 हजार लोग, जो कृषि से अपने घर परिवार का भरण पोषण करते हैं, उन पर बेरोजगारी, भुखमरी तथा वातावरण दूषित हो जाने से स्वास्थ्य भी प्रभावित होगा। प्लांट के किनारे बह रही शिवनाथ नदी का जल दूरदराज के लोगों तक पीने का एकमात्र साधन है, वह भी दूषित हो जाएगा। इसके साथ ही संयंत्र के कारण नीचे बहने वाले नाला की दिशा भी बदल रही है। दिशा बदलने से बरसात में नाला का जल ग्राम बावनलाख बस्ती में घुसने से पूरा गांव जल मग्न हो जाने की आशंका रहेगी। इस दौरान विधायक दीपेश साहू,सुरीत साहू अध्यक्ष किसान समिति बेरला,सूर्यकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बेरला,अरुण साहू,रघुवीर साहू, डॉक्टर ए के पाल,राजकुमार साहू, ममता साहू, रुक्मणी साहू, मनीराम साहू,भक्ति राम साहू, नारायण साहू,संदीप साहू, मनोहर साहू,भारती साहू, मनदीप साहू, पन्नालाल साहू,हर सेवक सिन्हा,विमल साहू, जयनारायण साहू, मोहन साहू,लीला साहू दिवाकर साहू, सरपंच उपस्थित रहे।

### 27 दिसंबर 2021 को हुई जनसुनवाई में किया था विरोध

किसानों ने कहा कि पर्यावरण विभाग द्वारा 27 दिसंबर 2021 को हायर सेकेंडरी स्कूल सरदा में जनसुनवाई हुई थी। जनसुनवाई में आसपास की ग्राम पंचायत की ग्रामीणों ने शत प्रतिशत कंपनी के विरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। लेकिन उसके बावजूद भी संयंत्र का काम प्रगति पर है। इसके कारण क्षेत्रवासी किसान भारी आक्रोशित हैं। किसानों ने कहा कि यदि 10 दिनों की भीतर फैक्ट्री के काम को नहीं रोका गया, तो किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन क्रमिक भूख हड़ताल और चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# जिला मानस संघ के अध्यक्ष चुने गए देवलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मानस संघ की बैठक आदर्श सत्संग आश्रम मटका में आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिले सहित तहसील पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस दौरान जिले की मानस गतिविधि एवं मजबूती के लिए ग्राम हसदा निवासी देवलाल सिन्हा को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं, तहसील स्तर का भी चयन किया गया।

- आदर्श सत्संग आश्रम मटका में आयोजित बैठक में किया गया चुनाव

जिसमे तहसील मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष के रूप में बिहारी लाल यादव ,तहसील मानस संघ नवागढ़ के की जिम्मेदारी महेश साहू दी गई वही राजकुमार ताम्रकार, शिव साहू, राजेश वैष्णव, महेंद्र चौहान, मेहतरू ध्रुव, सेवानिर्वित तहसीलदार माधव राम साहू , उत्तरा साहू ,चंदू साहू को संरक्षक का दायित्व दिया गया । शिव साहू मानस संघ के गठन के पश्चात संगठन को 11 हजार रू की राशि दान स्वरूप भेट किया । इस दौरान जुड़े हुए मानस पुरोधा ने जिले की नवोदित व्याख्या कारो एवम संगीत कारो की कार्यशाला भी ली गई जिसमे संघ की तरफ से आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

उक्त आयोजन में अशोक मिश्रा मटका, ठोके लाल देवांगन कुसमी, रामा साहू लेंजवारा, रीझन सेन बेमेतरा, गोविंद जयसवाल, संतोष शर्मा ,नारायण निषाद, महेंद्र चौहान के अलावा संघ के कोषाध्यक्ष छगन साहू, माखन साहू, उत्तम साहू, विष्णु साहू ,लखन वर्मा, लक्ष्मण चौहान ,डा ओंकार चंद्राकर ,सतिश यदु ,धर्मेंद्र साहू , भारत साहू, सुरेश रावत ,नोहर दास मानिकपुरी, बसंत साहू,नारायण निषाद, उमाशंकर वर्मा ,नरेंद्र जयसवाल, भीखम देवांगन, रामकुमार साहू, गोपाल धीवर, पूनम सिंह चौहान, तेखन जी, पोषण साहू ,ओम यदु ,गुमान साहू ,सुरेश रावत, अजय यादव, सनत कुमार साहू ,गनपत अंधियार, बसत वर्मा ,संत राम साहू, गणेश राम , अश्वनी साहू, बंशी सिंह ठाकुर सहित अन्य मानस सदस्य उपस्थित थे ।

# एक गुरु, एक मुखिया, एक सेनापति मानेंगे

**बेमेतरा।** सतनामी समाज के धर्म गुरु एवं राष्ट्रीय अखिल भारतीय सतनाम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुबालदास ने जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह के सभा कक्ष में जिला स्तरीय सामाजिक बैठक ली। उक्त बैठक में जिले चारों ब्लॉक नवागढ़, बेमेतरा, बेरला,साजा के समाज प्रमुख मौजूद रहे। अखिल भारतीय सतनाम सेना के मीडिया प्रभारी गोलू कोशले ने बताया कि इस दौरान चारों ब्लॉक से आए समाज प्रमुखों ने गुरुबालदास साहेब को एक समाज,एक गुरु, एक मुखिया, एक सेनापति मानने के साथ साथ उनके नेतृत्व में आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। इसके



अलावा बेमेतरा, बेरला, साजा ब्लॉक में महंत, सेक्टर महंत, अठगवा महंत का भी गठन किया जाएगा। इसके लिए अतिशीघ्र बैठक बुलाई जाएगी, जहां सर्वसम्मति से महंत का चयन किया जाएगा। वही शूरवीर, महानप्रतापी, राजागुरु गुरुबालकदास साहेब की जयंती प्रदेश स्तर पर 26 अगस्त कोइस बार भी नवागढ़ में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। श्री कोशले ने बताया कि सतनाम सेना सदस्यता अभियान एवं रिक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति 26 अगस्त को होगी ।

बैठक में समाज प्रमुख राजमहंत अनूप सतनामी, ठाकुर प्रसाद जोशी, नैना कुर्रे, भीष्म सतनामी, विजय सतनामी, नरेश सतनामी, राधे सतनामी, अमरदास सतनामी और गोलू कोशले, देवादास चतुर्वेदी सहित सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411